Home

दृष्टि The Vision

drishti

# GENERAL STUDIES (Module – 1)

| निर्धारित समय: तीन घंटे<br>*Time allowed: Three Hours* | DTVF/19 (N-M)-M-**GS11** | अधिकतम अंक: 250<br>*Maximum Marks: 250* |
|---|---|---|

**Name:** सुनिल कुमार धनवन्ता **Mobile Number:** ______

**Medium (English/Hindi):** हिन्दी **Reg. Number:** ______

**Center & Date:** ______ **UPSC Roll No. *(If allotted)*:** 0815872

**प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश**

*कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:*
*इसमें बीस प्रश्न हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं।*
*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
*प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।*
*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहियें जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*
*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिये।*
*प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिये।*

**QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS**

***Please read each of the following instruction carefully before attempting questions:***
*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*
*All the questions are compulsory.*
*The number of marks carried by a question is indicated against it.*
*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*
*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*
*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

केवल मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा भरा जाए *(To be filled by Evaluator only)*

| Question Number | Marks | Question Number | Marks |
|---|---|---|---|
| 1. | | 11. | |
| 2. | | 12. | |
| 3. | | 13. | |
| 4. | | 14. | |
| 5. | | 15. | |
| 6. | | 16. | |
| 7. | | 17. | |
| 8. | | 18. | |
| 9. | | 19. | |
| 10. | | 20. | |
| Grand Total (सकल योग) | | | |

मूल्यांकनकर्त्ता (हस्ताक्षर)
*Evaluator (Signature)*

पुनरीक्षणकर्त्ता (हस्ताक्षर)
*Reviewer (Signature)*

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

1. भारत में आतंकी वित्तपोषण तथा धनशोधन का सामना करने में वित्तीय कार्रवाई कार्य-बल (एफ.ए.टी.एफ.) की भूमिका पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

Discuss the role of Financial Action Task Force (FATF) in combating terror financing and money laundering in India. (150 words) 10

भारत में आंतरिक वित्तपोषण, धनशोधन, नक्सलवाद, ड्रग व मानव तस्करी इत्यादि मुद्दे आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां प्रस्तुत करते हैं।

वैश्विक स्तर पर इस समस्या के समाधान हेतु 1989 में 'FATF' का गठन किया गया जो मुख्य रूप से आतंकी वित्तपोषण व मनी लॉड्रिंग के क्षेत्र में अपना योगदान देती है।

(i) यह देशों की गतिविधियों पर नजर रखकर 'ग्रे लिस्ट', 'ब्लैक लिस्ट' आदि के माध्यम से आतंकी वित्तपोषण



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright - Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

को रोकने का कार्य करती है
जैसे- पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डालना
↓
भारत में सीमापार आतंकवाद में कमी की संभावना

→ मनीलॉन्ड्रिंग के लिए यह देशों को सलाह देती है तथा देशों के बीच सूचना साझाकरण में सहायता करती है।
( भारत में 'FIU- इण्डिया' तथा धनशोधन निवारण अधिनियम

भारत इन दोनों समस्याओं से बुरी तरह पीड़ित है तथा आर्थिक व सुरक्षात्मक चुनौतियों का सामना करता है जिनके निवारण में 'FATF' की निर्णायक भूमिका हो सकती है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

2. भारत में सार्वभौमिक बुनियादी आय (यू.बी.आई.) व्यवहार्य है क्योंकि इसे अपेक्षाकृत निम्न आय स्तर पर नियत करने पर भी व्यापक स्तर पर लाभ संभव है। परीक्षण कीजिये। (150 शब्द) 10

In India, Universal Basic Income (UBI) is feasible because it can be pegged at relatively low levels of income but still yield immense welfare gains. Examine. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

भारत में वर्तमान में लगभग 21% जनसंख्या (तेंदुलकर समिति) गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती है।

भारत इसके लिए अनेक स्तर पर प्रयास करता रहा है परन्तु उनकी असफलता के कारण आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 में UBI के ऊपर विचार किया गया।

UBI के पक्ष में तर्क / UBI के लाभ

(i) गरीबों की आय में वृद्धि → उपभोग में वृद्धि

(ii) खाद्य सुरक्षा व पोषण को बढ़ावा

(iii) महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(iv) बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर खर्च ↑
(v) उपभोग की स्वतंत्रता

चुनौतियां

(i) भारी वित्त की आवश्यकता → राजकोषीय घाटा
(ii) सही लाभार्थियों के पहचान में समस्या
(iii) लोगों के पास तकनीकी जागरुकता का अभाव।
(iv) सार्वभौमिकता → अमीर - गरीब गैप ज्यादा
प्रथम दृष्टि में UBI सामाजिक कल्याण हेतु उचित उपाय प्रतीत होती है परन्तु इसके पक्ष - विपक्ष पर समुचित मंथन आवश्यक है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation


3. प्रभावी सीमा प्रबंधन में प्रौद्योगिकी किस प्रकार भूमिका निभा सकती है, स्पष्ट कीजिये। (150 शब्द) 10

Explain how technology can play a role in effective border management. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत की स्थलीय सीमा लगभग 15,200 km तथा जलीय सीमा लगभग 7516 km. लंबी है जहाँ पर अनेक सुरक्षात्मक एवं विकासात्मक चुनौतियां विद्यमान है।

इतनी विस्तृत सीमा की सुरक्षा हेतु मानव के साथ-साथ प्रौद्योगिकी का भी महत्व है।






www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

प्रौद्योगिकी का महत्व

(i) उपग्रह के माध्यम से बॉर्डर की निगरानी

(ii) मानवरहित विमानों द्वारा ~~सीमा~~ सीमा क्षेत्रों की निगरानी

(iii) संचार उपग्रह के माध्यम से तटीय रक्षकों के संचार व क्षमता में वृद्धि

(iv) नाइट विजन कैमरों व लेजर के माध्यम से सीमा निगरानी

(v) एयरबोर्न निगरानी. 'AWACS' प्रणाली

(vi) मानव, प्रौद्योगिकी का एकीकरण

(vii) रिमोट सेंसिंग. सुरंगों का पता।

इसी को देखते हुए सरकार 'व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (CIBMS) को विकसित करने पर बल दे रही है ताकि प्रौद्योगिकी का समुचित लाभ उठाया जा सके।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

4. राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए भारत के स्वास्थ्य मानकों में परिवर्तन की इसकी क्षमता पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

Highlighting the objectives of the National Biopharma Mission, discuss its potential in transforming the health standards of India. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

भारत औषधियों के उत्पादन में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है परन्तु महत्वपूर्ण औषधियों का आयात भी करता है।

राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के उद्देश्य

- औषधि विनिर्माण बढ़ाना
- कच्चे माल की समस्या का समाधान करना
- औषध क्षेत्र में निर्यातक बनना
- शोध व नवाचार को बढ़ावा
- निवेश को बढ़ाना
- रोजगार में वृद्धि करना



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

मिशन के लाभ

(I) दवाइयों की कम कीमत पर उपलब्धता में वृद्धि

(II) 'out of pocket' खर्च में कमी

(III) आयात बिल में कमी

(IV) निर्यात → व्यापार संतुलन सकारात्मक

(V) शोध → गुणवत्ता ↑ → आरोग्यता में कमी


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

5. कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) भूमिका परिवर्तन का कारण बनेगी, ज़रूरी नहीं कि रोज़गार हानि का कारण बने। टिप्पणी कीजिये। (150 शब्द) 10

Artificial Intelligence (AI) will cause role changes, not necessarily job losses. Comment. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)


भारत में वर्तमान में पिछले 45 वर्षों में अधिकतम बेरोजगारी विद्यमान है (NSSO का सर्वेक्षण)। अनेक विशेषज्ञ कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण रोजगार क्षति की संभावना जता रहे हैं।

विशेषज्ञों के एक पक्ष का मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण कुशल रोजगारों की मात्रा में वृद्धि होगी है क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक विशेष कौशल की आवश्यकता होती है। अकुशल लोग इस क्षेत्र के लिए अनुपयोगी हो जाते हैं।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)




भारत में विशाल जनांकिकीय लाभांश मौजूद है परन्तु कौशल क्षमताओं में कमी के कारण भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र का समुचित लाभ नहीं उठा पाएगा।

वर्तमान युग 'उद्योग 4.0' का युग है जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विशिष्ट योगदान है अतः भारत को 'कौशल मिशन' के तहत व शिक्षा व्यवस्था में सुधार के माध्यम से इसका उचित लाभ उठाना चाहिए।


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

6. भारत में मेथनॉल आधारित अर्थव्यवस्था के महत्त्व की विवेचना कीजिये। इसकी क्षमता के दोहन में शामिल चुनौतियाँ क्या हैं? (150 शब्द) 10

Discuss the significance of methanol based economy for India. What are the challenges involved in tapping its potential? (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

मेथेनॉल आधारित अर्थव्यवस्था का महत्व

(I) प्रदूषण में कमी

(II) GHG गैसों के उत्सर्जन में कमी

(III) तकनीक ↑

(IV) रोजगार में वृद्धि

(V) आयात बिल में कमी

(VI) ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना

चुनौतियाँ

(I) निवेश कम

(II) प्रौद्योगिकी का निम्न स्तर



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(iii) कच्चे माल की कमी

(iv) स्पष्ट नीति व रोडमैप का अभाव

(v) वाहनों की तकनीक में परिवर्तन

↓

ऑटोमोबाइल क्षेत्र प्रभावित

उपाय
- निवेश ↑
- शोध ↑
- नवाचार ↑
- स्पष्ट नीति


Copyright – Drishti The Vision Foundation

7. भारत की शीतलन कार्य-योजना (आई.सी.ए.पी.) की शुरुआत भावी शीतलन आवश्यकताओं को संबोधित करने हेतु एक साहसिक प्रतिक्रिया क्यों है? स्पष्ट कीजिये। (150 शब्द) 10

Explain why the launch of the India Cooling Action Plan (ICAP) is a bold response to addressing India's future cooling needs? (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

भारत पेरिस समझौते का हस्ताक्षरकर्ता देश है। परन्तु भारत में शीतलन हेतु ऊर्जा की मांग तीव्र गति से बढ़ती जा रही है।

शीतलन मांग वृद्धि के कारण
- शहरीकरण
- ग्लोबल वार्मिंग
- लोगों की जीवन शैली में उन्नयन
- कृषि शीत भंडारण
- वाहनों में ↑ → शीतलन मांग ↑

2038 तक शीतलन की मांग में कमी लाने के लिए 'इण्डिया कूलिंग एक्शन प्लान (ICAP)' की घोषणा की गई है।

* लक्ष्य
  - 2038 तक शीतलन मांग को 25-30% कम करना
  - शीतलन हेतु ऊर्जा मांग को 20-25 तक कम करना



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

→ इस क्षेत्र में 1 लाख लोगों को सर्विसिंग हेतु कौशल प्रशिक्षित करना

परन्तु यह एक साहसिक कदम प्रतीत होता है जिसके समक्ष अनेक चुनौतियां हैं। ये हैं-

(i) बढ़ती जनसंख्या
(ii) कृषि में श्रीबलन की मांग को पूरा करना
(iii) ग्लोबल वार्मिंग
(iv) स्पष्ट रोडमैप का अभाव।

इसी को देखते हुए सरकार 'विद्युत वाहनों' को बढ़ावा देने, ग्रीन बिल्डिंग को बढ़ावा देने, इत्यादि पर बल दे रही है ताकि पेरिस समझौते व मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल दोनों के लक्ष्यों को पूरा किया जा सके।


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

8. आपदा जोखिम न्यूनीकरण सामाजिक व आर्थिक विकास का एक अभिन्न अंग है तथा यह दीर्घकालिक विकास हेतु आवश्यक है। हाल ही में भारत में आई प्राकृतिक आपदाओं को ध्यान में रखते हुए चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

Disaster risk reduction is an integral part of social and economic development, and is essential if development is to be sustainable. Discuss in view of the recent natural disasters in India. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

भारत विश्व के सर्वाधिक घाम आपदाग्रस्त देशों में से एक है। हाल ही में 'फानी' चक्रवात के कारण उड़ीसा में संकट का सामना करना पड़ा।

आपदा प्रबंधन

- आपदा से पूर्व
  - → रोकथाम
  - → न्यूनीकरण
- आपदा के समय
  - अनुक्रिया
  - राहत
- आपदा के बाद
  - विकास
  - पुनर्वास

आपदा जोखिम न्यूनीकरण को आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण चरण माना जाता है।

इसके तहत निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं—



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(i) संरचनाओं को आपदा प्रत्यास्थ बनाना जैसे- भूकंपरोधी बिल्डिंग

(ii) चक्रवात से बचाव हेतु - मैंग्रोव का रोपण

(iii) बाढ़ के रोकथाम हेतु बाढ़ मैदानों में घर बनाने से बचना

(iv) सूखा- जलवायु परिस्थिति के अनुसार फसल का चयन करना

(v) भूस्खलन- पर्याप्त वृक्षारोपण पर बल देना

आपदा न्यूनीकरण उपायों के अपनाने से आपदा के समय न्यूनतम क्षति होती है जो बार-बार होने वाली विकास रुकावट को दूर करने में मदद करता है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

9. हरित वित्तपोषित पारिस्थितिकी का विकास एवं अनुसरण भारत के हित में है। स्पष्ट कीजिये। (150 शब्द) 10

It is in India's interest to develop and pursue a strong green financing ecosystem. Elucidate. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वर्तमान में भारत में ऊर्जा की मांग के इसकी आपूर्ति से ज्यादा होने के कारण ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऊर्जा संकट तथा प्रदूषण दोनों के समाधान हेतु परियोजनाओं में भारी निवेश की आवश्यकता होती है।

ग्रीन वित्त पोषण →
- सौर ऊर्जा परियोजना
- पवन ऊर्जा परियोजना
- जलविद्युत परियोजना

भारत को आवश्यकता क्यों?

(i) भारत में बढ़ता प्रदूषण

(ii) बढ़ती ऊर्जा मांग

(iii) जीवाश्म तेलों का आयात → व्यापार घाटा



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(iv) पेरिस समझौते का अनुपालन

(v) NAPCC - नेशनल एक्शन प्लान फॉर क्लाइमेट चेंज

प्रमुख प्रयास

(i) ग्रीन बॉडों का निर्गमन. नियमों में उदारता

(ii) अंतर्राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संगठन (ISA) में भागीदारी

(iii) ग्रीन ऊर्जा ~~अर्थव्यवस्था~~ओं परियोजनाओं हेतु कर प्रोत्साहन

अतः भारत को अपनी परिस्थितियों के समाधान और सतत् विकास लक्ष्यों एवं INDC लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ग्रीन वित्तपोषण को बढ़ावा देना चाहिए।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

10. भारतीय अर्थव्यवस्था औद्योगिक उत्पादन और सेवा क्षेत्र से अधिक एक सुदृढ़ ग्रामीण एवं कृषि संवृद्धि पर निर्भर करती है। पुष्टि कीजिये। (150 शब्द) 10

Indian economy depends on a robust rural and agricultural growth more than industrial production and service sector. Substantiate. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।

(Candidate must not write on this margin)

भारत की लगभग 65% जनसंख्या गांवों मे निवास करती है तथा वहां की अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर करती है।

ग्रामीण विकास के लाभ

(i) कुटीर उद्योगों एवं msme के विकास के कारण GDP में योगदान, रोजगार सृजन तथा निर्यात में योगदान

(ii) ग्रामीण विकास → शहरों की ओर पलायन कम → प्रदूषण व शहरों पर अनावश्यक दबाव में कमी



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

कृषि विकास का अर्थव्यवस्था का प्रभाव

(i) कृषि विकास → GDP में योगदान ↑ → रोजगार व निर्यात ↑

(ii) खाद्य प्रसंस्करण → GDP व निर्यात ↑

(iii) कृषि विकास → कच्चा माल ↑ → उद्योगों का विकास

(iv) पलायन में कमी

यह सत्य है कि कृषि विकास से आर्थिक विकास उन्नत होता है परन्तु औद्योगिक व सेवा क्षेत्र के विकास को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए क्योंकि इनकी संवृद्धि से भी आर्थिक विकास होता है जिससे कृषि में निवेश बढ़ता है जो आगे विकास करता है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

11. बैंकों के विलय संबंधी सरकार की कार्यवाही से तात्कालिक लाभ प्राप्त हो सकता है, परंतु इससे प्रमुख प्रणालीगत चुनौतियाँ अनिर्णीत रह जाती हैं। हाल में हुए बैंकों के विलय के आलोक में चर्चा कीजिये। (250 शब्द) 15

The government's move to amalgamate banks may have immediate gains but leaves key systemic challenges unresolved. Discuss in view of the recent bank mergers. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

भारत में सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों का 'NPA' लगभग 8 लाख करोड़ रुपये है। इससे बैंकों की साख सृजन क्षमता व लाभ कम हो रहा है।

इसी संदर्भ में बैंकों की दशा में सुधार के उद्देश्य से देना बैंक, विजया बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के विलय को मंजूरी प्रदान की गई है।

अन्य विलय - SBI + 5 सहायक बैंक + महिला बैंक

इस विलय की प्रक्रिया के लाभ निम्नलिखित हो सकते हैं—

(1) जोखिम धारण क्षमता में वृद्धि - एक बड़ा



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

बैंक बड़ी पूंजी व संसाधनों के माध्यम से संकट का प्रबन्धन आसानी से कर सकता है।

(ii) 'NPA' के कम होने की संभावना

(iii) 'बेसल' मानकों के अनुपालन में वृद्धि

(iv) संसाधनों का बेहतर प्रयोग- बैंक की शाखाओं के ओवरलैप के कम होने से संसाधनों का सदुपयोग

(v) बैंकों की साख सृजन की क्षमता में वृद्धि

परन्तु इस दिशा में अनेक प्रणालीगत चुनौतियाँ ~~निम्न~~ निम्नलिखित है-

(i) बैंको की कार्य संस्कृति अलग-अलग होने तथा उनके विलय पर नई कार्यसंस्कृति के अपनाने में कठिनाई।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(ii) बैंकों की तकनीक व प्रौद्योगिकी अलग-अलग

(iii) मानव संसाधन व उनकी कार्य शर्तों का अलग-अलग होना

समाधान

(i) कार्य संस्कृति व तकनीक समझने हेतु वर्कशॉप का आयोजन

(ii) कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखना

इस प्रकार बैंकों का विलय बैंकों के संकट का केवल आंशिक समाधान है। इसके साथ ही हमें पुनर्पूंजीकरण, शासन व्यवस्था में सुधार, जोखिम का समुचित मूल्यांकन इत्यादि पर भी बल देना होगा।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

12. भारत की नागरिक एवं सैन्य अंतरिक्ष आवश्यकताओं के मध्य अंतर चयन की अपेक्षा अनिवार्यता की देन है। मिशन शक्ति के संदर्भ में स्पष्ट कीजिये। (250 शब्द) 15

India's distinction between civilian and military space requirements are borne out of necessity rather than choice. Explain in context of Mission Shakti. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एक दोहरी प्रयोग प्रौद्योगिकी होती है जिसका प्रयोग नागरिक व सैन्य दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु किया जा सकता है।

नागरिक प्रयोग — अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी — सैन्य प्रयोग

नागरिक प्रयोग:
→ रिमोट सेंसिंग
→ मौसम उपग्रह
→ संचार इत्यादि

सैन्य प्रयोग:
→ मिसाइल तकनीक
→ नाविकी प्रणाली
→ सैन्य नौवहन इत्यादि

हाल ही में भारत द्वारा मिशन शक्ति के तहत (एंटी सैटेलाइट मिसाइल) का प्रयोग सफल रूप से किया। यह मिसाइल अंतरिक्ष में उपस्थित किसी भी


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उपकरण या उपग्रह को नष्ट कर सकती है।

मिशन शक्ति की आवश्यकता

(i) चीन द्वारा 2007 में ही इस प्रौद्योगिकी का विकास कर लिया गया था। भारत को कठिन समय में अपने अंतरिक्ष उपग्रहों को बचाने के लिए यह प्रौद्योगिकी आवश्यक है।

(ii) पाकिस्तान भी चीन से यह प्रौद्योगिकी लेकर भारत के उपग्रहों को नष्ट कर सकता है।

(iii) भारत के सैन्य उपग्रह नौवहन, निगरानी इत्यादि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं अतः उनकी रक्षा करना अनिवार्य है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

परन्तु इससे कई समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं -

(i) विश्व में हथियारों की होड़ में वृद्धि → अंतरिक्ष युद्ध की संभावना।

(ii) 'आउटर स्पेस' संधि संबन्धी प्रावधानों के संदर्भ में समस्या।

परन्तु भारत का हमेशा यह मत रहा है कि इस प्रौद्योगिकी का विकास वह 'क्रेडिबल डिटेरेंस' हेतु कर रहा है तथा वह 'नो फर्स्ट यूज' पॉलिसी पर विश्वास करता है।


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

13. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में भारत के ग्रामीण संकट को सुगमता प्रदान करने की क्षमता है। समालोचनात्मक टिप्पणी कीजिये। (250 शब्द) 15

Food processing industry has the potential to ease rural distress in India. Critically comment. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत में कृषि उत्पादन का केवल 15-20% भाग ही प्रसंस्कृत हो पाता है। शीघ्र नाशवान वस्तुओं के नाश या खराब होने से भारत को बड़ी क्षति उठानी पड़ती है।

कृषि उत्पादों के खराब होने से कृषि संकट के फलस्वरूप ग्रामीण संकट भी लाज़िमी है। अतः इस दिशा में खाद्य प्रसंस्करण अपनी महती भूमिका निभा सकता है।

कृषि उत्पाद —खाद्य प्रसंस्करण→ गुणवत्ता, मूल्य व आयु में वृद्धि



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

खाद्य प्रसंस्करण के लाभ

(i) कृषि उत्पादों का नाश कम → खाद्य सुरक्षा मजबूत, किसानों का लाभ

(ii) मूल्य वर्धन. किसानों की आय में वृद्धि

(iii) गुणवत्ता वृद्धि → पोषण में वृद्धि

(iv) खाद्य प्रसंस्करण उपक्रम → रोजगार सृजन
└ इससे बेरोजगारी में कमी

(v) महिला सशक्तीकरण में वृद्धि

(vi) ग्रामीण अवसंरचना का विकास

चुनौतियाँ

(i) ग्रामीण अवसंरचना का निम्न स्तर
- सभी मौसम सड़कों का अभाव
- भंडारण सुविधाओं का अभाव



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

- कोल्ड चेन का अभाव
- लोगों में उपयुक्त कौशल व जागरूकता का अभाव

(ii) संस्थागत साख का अभाव

(iii) लोगों के पास उन्नत तकनीक एवं प्रौद्योगिकी का अभाव

समाधान के उपाय :-

(i) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से सड़क निर्माण

(ii) 'MUDRA' स्कीम के तहत बैंक ऋण

(iii) कौशल प्रशिक्षण पर बल

खाद्य प्रसंस्करण में कृषि व ग्रामीण कल्याण, रोजगार सृजन व निर्यात संवृद्धि की भी क्षमता है इसलिए सरकार को अपनी योजना 'प्रधानमंत्री किसान संपदा' योजना को शीघ्र ही समुचित रूप से लागू करना चाहिए।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

14. भारत में विमानन क्षेत्र बड़ी मात्रा में अप्रयुक्त है, परंतु यह विभिन्न मोर्चों पर कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत के विमानन क्षेत्र में उभरती चिंताओं के कारणों को अभिनिर्धारित/चिह्नित कीजिये और उनके निवारण हेतु कुछ उपाय सुझाइये। (250 शब्द) 15

The aviation sector in India remains largely untapped but faces many challenges on different fronts. Identify the reasons behind the brewing trouble in India's aviation sector and suggest some measures to redress the same. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के अनुसार भारत विश्व के सबसे बड़े विमानन बाजारों में से एक है जहां अनेक संभावनाएं मौजूद है

संभावनाएं

(i) बढ़ती जनसंख्या → मांग में वृद्धि
(ii) आर्थिक संवृद्धि → क्रय शक्ति में वृद्धि → मांग में वृद्धि
(iii) सस्ता एवं कुशल श्रम (विमान निर्माण क्षेत्र में संभावना)
(iv) भारत में पर्यटन के अथाह अवसर
(v) भारत की भौगोलिक विविधता व विस्तार
(vi) कृषि क्षेत्र. नाशवान वस्तुओं का परिवहन



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(vii) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार. जैसे अफगानिस्तान के साथ।

विमानन क्षेत्र की चुनौतियां :

(i) बुनियादी अवसंरचनाओं का निम्न स्तर
(ii) क्षेत्रीय असमानता
(iii) सरकारी कंपनियों का घाटे में चलना
(iv) व्यापार में विमानन क्षेत्र की अत्यंत निम्न भागीदारी।

चुनौतियों के कारण.

(i) निवेश की कमी विशेषत: निजी निवेश की।
(ii) सरकारी कंपनियों में पेशेवरपन का अभाव व नौकरशाही का प्रभाव


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(iii) भौगोलिक दुर्गम क्षेत्र

(iv) मांग में कमी → अधिकांश गरीब जनसंख्या

(v) लाजिस्टिक अवसंरचना निम्न → व्यापार में भागीदारी कम

निवारण के उपाय:

1. ग्रीनफील्ड क्षेत्र में FDI का उदारीकरण।
2. भूमि अधिग्रहण को आसान बनाना
3. नागरिक उड्डयन नीति का समुचित क्रियान्वयन।
4. 'PPP' मॉडल को बढ़ावा
5. लॉजिस्टिक उन्नयन. एयरपोर्टों पर कार्गो हैंडलिंग को बढ़ावा।

इसी के साथ 'एयर इंडिया' का विनिवेश और 'उडान' योजना का उपयुक्त क्रियान्वयन भी सहायक हो सकता है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

15. स्वस्थ भारत की परिकल्पना जन-स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा उपचारात्मक दृष्टिकोण से सुरक्षात्मक की ओर स्थानांतरित होने का आह्वान करती है। समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द) 15

The vision for a healthy India calls for prioritizing public health and shifting the approach from being curative to preventive. Critically analyse. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।

(Candidate must not write on this margin)

वर्तमान में भारत में मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर का उच्च होना स्वास्थ्य क्षेत्र के बदहाल को दर्शाता है। सतत् विकास लक्ष्य 4 अच्छे स्वास्थ्य की परिकल्पना करता है।

स्वास्थ्य क्षेत्र की दशा सुधारने के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रयास भी किए जा रहे हैं:–

(i) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ग्रामीण व शहरी)
(ii) 'इन्द्रधनुष' अभियान
(iii) राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति
(iv) पोषण अभियान

परन्तु भारत में जनस्वास्थ्य



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

को प्राथमिकता देने एवं निवारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए हाल ही में आयुष्मान भारत (प्रधानमंत्री जन आरोग्य मिशन) को प्रारंभ किया है। इसके दो घटक है।

(i) हैल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर

(ii) बीमा सुविधा -

इसमें गरीबों को बीमा हेतु प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये का प्रावधान है साथ ही ग्रामीण स्तर पर देखभाल हेतु 1.5 लाख वेलनेस केन्द्रों का भी प्रावधान है।

परन्तु इस दिशा में भारत के समक्ष अनेक चुनौतियां विद्यमान है -



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(i) स्वास्थ्य पर व्यय GDP के 2% से भी कम जिसको बढ़ाने की आवश्यकता।

(ii) अवसंरचनात्मक सुविधाओं की निम्न स्थिति

(iii) प्रति लाख जनसंख्या पर डॉक्टरों की उपयुक्त संख्या में कमी इत्यादि

अतः हमें आयुष्मान भारत मिशन को सफल बनाकर स्वस्थ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वित्तीय व मानव संसाधन बाधाओं को दूर करना होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 इस दिशा में मार्गदर्शक का काम कर सकती है।


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

16. भारत में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी वैश्विक स्तर पर निम्नतर में से एक है। इसके पीछे विद्यमान सामाजिक व आर्थिक कारकों की पहचान कीजिये तथा उपचारात्मक उपाय सुझाइये। (250 शब्द) 15

The participation of women in the labour force in India is one of the lowest globally. Identify the social and economic factors behind this and suggest remedial measures. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

'NSSO' के हाल ही के 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार भारत में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी लगभग 23.5% है जो सामाजिक व आर्थिक विकास में बाधक है।

सामाजिक कारक

(i) प्रसव के दौरान कार्य नहीं कर पाना.

बच्चों के पैदा करने व उनके पालन. पोषण व देखभाल का सारा भार महिलाओं पर होता है इस कारण वे कोई कार्य या व्यवसाय करने में असमर्थ रहती है।

(ii) घर को संभालने की जिम्मेदारी महिलाओं पर होना



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(iii) पितृसत्तात्मक सोच - कई परिवार महिलाओं के बाहर काम करने को अपने सम्मान के विरुद्ध समझते है।

(iv) शिक्षा व स्वास्थ्य का निम्न स्तर
- महिलाओं की नामांकन दर कम
- IMR व MMR ज्यादा

आर्थिक कारक

(i) महिलाओं हेतु वेतन का कम होना

(ii) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की समस्या

(iii) मातृत्व लाभ - महिलाओं को मातृत्व लाभ देने के कारण अधिकांश कंपनियाँ महिलाओं को नियोजित करने से बचती है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उपचारात्मक उपाय

(i) महिलाओं के शिक्षा स्तर व स्वास्थ्य स्तर में सुधार करना

(ii) समान कार्य, समान वेतन को पूर्णतया: सक्रियता से लागू करना

(iii) कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकने हेतु सशक्त कार्यवाही।

(iv) मातृत्व लाभ के संदर्भ में कंपनियों को प्रोत्साहित करना।

माना जाता है कि महिलाओं की बराबर भागीदारी से GDP में 8-10% की वृद्धि संभव है। साथ ही इससे समावेशी विकास व सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति भी संभव हो पाएगी।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

17. प्लास्टिक अपशिष्ट के उत्पादन से पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। इस संबंध में सरकार द्वारा किये गए प्रयासों पर प्रकाश डालिये तथा कुछ अतिरिक्त उपाय भी सुझाइये। (250 शब्द) 15

The generation of plastic waste poses a serious threat to the environment and human health. Highlight the initiatives taken by government in this regard and also suggest some additional measures. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

एक रिपोर्ट के अनुसार, हम एक सप्ताह में लगभग 5 ग्राम प्लास्टिक अपने शरीर के अंदर ग्रहण कर लेते हैं। यह तथ्य प्लास्टिक प्रदूषण की भयावहता को दर्शाता है।

प्लास्टिक अपशिष्ट का पर्यावरण पर प्रभाव.

(i) ठोस अपशिष्ट में वृद्धि के कारण भूमि एवं मृदा प्रदूषण

(ii) नदियों की पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव → बाढ़ की संभावना

(iii) समुद्र में प्लास्टिक के जमाव के कारण संपूर्ण समुद्री पारिस्थितिकी


www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

पर नकारात्मक प्रभाव
- मछलियों व कोरल का मरना
- अन्य जीवों की मृत्यु
- 'जैसे- 'ग्रेट पैसिफिक गारबेज'

मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव

(i) मृदा प्रदूषण → खाद्य श्रृंखला में प्रदूषण

(ii) मछलियों में प्लास्टिक → उपभोग से मानव शरीर में प्रवेश

(iii) पेयजल के माध्यम से शरीर में प्लास्टिक का प्रवेश → कैंसर जैसी बीमारी की संभावना

(iv) प्लास्टिक खाने से बच्चों का विकास प्रभावित।

प्लास्टिक के गंभीर दुष्प्रभावों के मद्देनजर भारत सरकार ने अनेक



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

प्रयास किए हैं-

(i) स्टॉकहोम कन्वेंशन ऑन परसिस्टेंट पॉल्यूटेंट पर हस्ताक्षर

(ii) बेसल कन्वेंशन पर हस्ताक्षर

(iii) प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम

- प्लास्टिक थैलियों की मोटाई में वृद्धि
- उत्पादक को संग्रहण का दायित्व
- पुनर्चक्रण पर बल

इसके अलावा हमें ऑर्गेनिक वस्तु (जूट इत्यादि) के प्रयोग को बढ़ाने के साथ-साथ लोगों में इसके दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है ताकि स्वस्थ मानव व पर्यावरण के साथ-साथ सतत विकास लक्ष्यों की भी प्राप्ति की जा सके।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

18. सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) में वृद्धि का प्रभाव पहुँच एवं बुनियादी सुविधाओं में आने वाली बाधाओं के परिणामस्वरूप सीमित रहता है। समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये। (250 शब्द) 15

The impact of Minimum Support Price (MSP) hikes announced periodically by government remains limited due to constraints in reach and infrastructure facilities. Critically examine. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वर्तमान में कृषि क्षेत्र भारत के लगभग 49% लोगों को रोजगार देता है परंतु ~~GVA~~ 'GVA' में इसका योगदान केवल 15% है। यह तथ्य कृषि संकट एवं किसानों की बदहाली की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

किसानों को सही मूल्य दिलाने के लिए प्रतिवर्ष लगभग 23 फसलों के लिए 'MSP' की घोषणा की जाती है परंतु इसके क्रियान्वयन में अनेक बाधाएं हैं।

(i) पहुँच का अभाव - M.S. स्वामीनाथन के अनुसार पश्चिम बंगाल में एक भी



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

किसान अपनी फसल को MSP पर नहीं बेच पाया

कारण
- जागरूकता का अभाव
- APMC एक्ट का कठोर होना
- बिचौलियों की अधिकता
- सभी फसलों हेतु 'MSP' का होना

अवसंरचनात्मक बाधाएं

(I) सभी मौसम की सड़कों का अभाव तथा परिवहन के साधनों पर दबाव।

(II) कोल्ड स्टोरेज व भंडारण की सुविधाओं का अभाव

(III) मण्डियों में उपयुक्त व पर्याप्त भण्डारण सुविधाओं का अभाव

सरकार के समस्या समाधान हेतु प्रयास-

(I) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ग्राम सड़क बनाना

(II) 20000 'GrAMs' बाजारों का निर्माण



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

(iii) e- नेगोशिएबल वेयरहाउस रिसिप्ट के माध्यम से भण्डारण सुविधाओं का उन्नयन

(iv) 'APMC' एक्ट के स्थान पर मॉडल कृषि उत्पाद एवं पशुधन विपणन अधिनियम बनाना

(v) PM- AASHA स्कीम
  - निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से खरीद

परन्तु 'MSP' के साथ-साथ सरकार को भूमि सुधार, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण पर बल, वेल्यू चेन सुधार, कृषि के आधुनिकीकरण इत्यादि पर भी बल देना होगा ताकि किसानों को उनकी उपज की सही कीमत मिले तथा आर्थिक विकास को गति मिले।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright - Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

19. केवल कृषि विपणन की पहेली का समाधान करके भारतीय किसानों के लिये हरित क्रांति को आय क्रांति में परिवर्तित किया जा सकता है। विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द) 15

Only by solving the riddle of agriculture marketing can the transition from green revolution to income revolution happen for Indian farmers. Analyze. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

NSSO के 2012-13 के सर्वेक्षण के अनुसार भारतीय किसान की औसत आय 6523 रु मासिक है। इसीलिए सरकार ने 2022 तक किसानों की आय को दुगुना करने का लक्ष्य रखा है।

इसके लिए किसानों को उनकी उपज की उचित ~~कीमत~~ कीमत दिलाना एक निर्णायक सुधार हो सकता है।

कृषि विपणन
- 'MSP' पर खरीद
- बाजार की अवसंरचनाएं
- परिवहन व भंडारण
- नीतिगत प्रयास
- निर्यात
- अनुबंध कृषि



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

कृषि विपणन सुधार :

(i) सही 'msp' दिलाने के लिए 'pm-आशा' स्कीम का क्रियान्वयन

(ii) कृषि बाजार
- 'e-NAM' का क्रियान्वयन
- 20,000 'GraMs' का निर्माण

(iii) APMC एक्ट के स्थान पर मॉडल कृषि उत्पाद एवं पशुधन विपणन एक्ट को अपनाना → बिचौलियों की समाप्ति

(iv) निर्यात को बढ़ावा देने हेतु कृषि निर्यात नीति का समुचित क्रियान्वयन।

(v) खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा.

(vi) अनुबंध कृषि के माध्यम से भविष्य की कीमत को पहले तय करना

(vii) फ्यूचर ट्रेड को प्रोत्साहन

परन्तु आय में वृद्धि



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

के लिए विपणन सुधार के अलावा भी प्रयासों की आवश्यकता है -

(i) भूमि सुधार
- जोत चकबंदी
- मॉडल लैण्ड लीजिंग एक्ट

(ii) उत्पादकता सुधार
- सिंचाई दक्षता ↑
- उन्नत बीज
- ZNBF - जीरो नेचुरल बजट फार्मिंग

(iii) गैर. कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ाना।

(iv) कुटीर उद्योग व msme का विकास

(v) कृषि से संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा - पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गीपालन इत्यादि

अतः आय बढ़ाने के लिए कृषि के प्रत्येक स्तर व गैर. कृषि क्षेत्र दोनों स्तरों पर प्रयास करना होगा ताकि गरीबी उन्मूलन व समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

drishti | दृष्टि The Vision

20. विद्युत वाहन (ई.वी.) भारत के लिये एक बहुत हितकारी क्षेत्र है क्योंकि इसमें तरल ईंधन की मांग को कम करने की क्षमता है। भारत में ई.वी. को अपनाए जाने में उत्पन्न अवसरों तथा चुनौतियों पर प्रकाश डालिये। (250 शब्द) 15

Electric Vehicles (EV) are an area of huge interest to India as it holds the potential of reducing the demand for liquid fuel. Highlight the opportunities and challenges posed in the adoption of EVs in India. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत अपनी लगभग 80% तेल मांग को आयात के माध्यम से पूरा करता है जिससे व्यापार घाटे के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण का भी संकट उपस्थित होता है।

इसी परिप्रेक्ष्य में भारत में विद्युत वाहनों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इसके बहुआयामी लाभ मिलने की संभावना है-

(i) तरल ईंधन की मांग कम → आयात कम → व्यापार घाटा ↓

(ii) ये खतरनाक गैसों व ग्रीन हाउस



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

गैसों का उत्सर्जन नहीं करते → पर्यावरण प्रदूषण व ग्लोबल वार्मिंग कम करने में सहायक

(iii) वाहन निर्माण क्षेत्र में संवृद्धि → रोजगार व आर्थिक संवृद्धि ↑

(iv) बैटरी निर्माण क्षेत्र व बिजली क्षेत्र के विकास को बढ़ावा

अवसर :

(i) भारत के जनांकिकीय लाभांश का सदुपयोग

(ii) बेरोजगारी का समाधान

(iii) तकनीक व नवाचार को बढ़ावा

चुनौतियाँ

(i) चार्जिंग अवसंरचना का अभाव

(ii) ज्यादा स्टोरेज व उन्नत बैटरियों



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

A3

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

का अभाव

(iii) सरकार के पास स्पष्ट दीर्घकालिक नीति का अभाव।

(iv) e-waste के बढ़ने का खतरा।

उपाय:

(i) सरकार की 'FAME' योजना के तीसरे चरण का शीघ्र कार्यान्वयन

(ii) नेशनल ऑटोमोटिव मिशन प्लान

(iii) इलेक्ट्रिक वाहनों के पुर्जों पर GST व सीमा शुल्क में कटौती।

अतः चुनौतियों का समाधान करके भारत अपने पेरिस समझौते के INDC लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा व आर्थिक विकास को भी प्राप्त कर सकता है।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation